
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment, Property, Business Opportunity, Vehicles, Announcements, Antiques & Collectables, Barter, Books, Computers, Domain Names, Education, Miscellaneous, Entertainment & Event, Hobbies & Interests, Services, Jewellery & Watches, Music, Obituary, Pets & Animals, Retail, Sales & Bargains, Health & Sports, Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 4000 करोड़ के खनन घोटाले में आयोग ने दिए डीएम को जांच के निर्देशः मोर्चा

**संवाददाता**

■ घोटाले को लेकर वर्ष 2014 में सूचना आयोग का दरवाजा खटखटाया गया

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि जिला प्रशासन, दून ने उच्च न्यायालय के प्रतिबंध के बावजूद 190 लोगों को खनन भंडारण के लाइसेंस वर्ष 2009–2013 तक जारी किए, जिसकी आड़ में खनन माफियाओं द्वारा 4000 करोड का अवैध कारोबार किया गया। इस मामले में माफियाओं द्वारा प्रतिबंधित नदियों से चुगान कर एवं कागजी खानापूर्ति करने के लिए फर्जी रवन्नों की आड़ में अन्य प्रदेशों से उप खनिज का आयात दर्शाया, जबकि जनपद की व्यापार कर चौकियों तथा जंगलात चौकियों में कहीं भी इस उपखनिज की आमद नहीं थी।

मोर्चा कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि इस घोटाले को लेकर वर्ष 2014 में सूचना आयोग का दरवाजा खटखटाया गया, जिस पर सूचना आयोग ने दिनांक 29 जनवरी 2015 को शासन के अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री को कार्रवाई के निर्देश दिए, लेकिन माफियाओं के आगे शासन व जिला प्रशासन दम तोड़ गया। इसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न होने से खफा मोर्चा ने वर्ष 2017 में फिर सूचना आयोग का दरवाजा खटखटाया, जिसके क्रम में सूचना आयोग ने दिनांक 15 दिसंबर 2017 को कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसको लेकर जिला प्रशासन व खनिज विभाग थोड़ा हरकत में आया तथा व्यापार कर, प्रशासन व खनिज विभाग ने कुछ कार्रवाई की लेकिन फिर जांच ठंडे बस्ते में डाल दी गई। इस घोटाले में जिला प्रशासन व खनिज विभाग आदि सभी की मिलीभगत थी। नेगी ने कहा की खनन माफियाओं एवं विभागीय मिलीभगत का पर्दाफाश कराने को लेकर मोर्चा छह–सात वर्षो से लगातार प्रयासरत है तथा माफियाओं को किसी भी सूरत में मोर्चा नहीं बख्शेगा। पत्रकार वार्ता में मोर्चा महासचिव आकाश, मोहम्मद असद, प्रवीण शर्मा, सुशील आदि उपस्थित रहे।

## देशराज प्रांतीय अध्यक्ष व महेश उनियाल महामंत्री बने

**संवाददाता** देहरादून। भंडार कर्मचारी संघ सिंचाई विभाग उत्तराखंड की नई कार्यकारिणी के चुनाव में राजकीय उद्योगशाला खंड रुड़की के देशराज सिंह प्रांतीय अध्यक्ष एवं अवस्थापना खंड डाकपत्थर में कार्यरत महेश प्रसाद उनियाल प्रांतीय महामंत्री चुने गए।

यह चुनाव गढ़वाल मंडल विकास निगम के डाकपत्थर स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित भंडार कर्मचारी संघ सिंचाई विभाग के सप्तम द्विवार्षिक अधिवेशन के दौरान किया गया। चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी रमेश रमोला और पूर्णानंद नौटियाल की देख–रेख में संपन्न हुई। संचाई खंड विकासनगर में कार्यरत विपिन कुमार को प्रसार सचिव, नलकूप खंड हरिद्वार मुख्यालय बाहदराबाद में कार्यरत विपिन कुमार को क्लेम सचिव और नलकूप खंड रुड़की में कार्यरत लव कुमार शर्मा को सम्प्रेक्षक चुना गया। इस द्विवार्षिक अधिवेशन में संघ के वरिष्ठ नेता रमेश रमोला और पूर्णानंद नौटियाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

# देश परिवर्तन की ओर जा रहा हैः मुख्यमंत्री

**शुभारम्भ**

## 88वें अखिल भारतीय स्वामी श्रद्धानंद हॉकी टूर्नामेंट का शुभारम्भ

**अतुल बरतरिया**

हरिद्वार। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार में स्वामी श्रद्धानंद जी के 93वाँ बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया एवं 88वें अखिल भारतीय स्वामी श्रद्धानंद हॉकी टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार हाईवे पर बन रहे फ्लाईओवर का नाम स्वामी श्रद्धानन्द के नाम पर रखने के लिए प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जायेगा। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय मैदान में एस्ट्रो टर्फ बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा भी सहयोग किया जायेगा। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने ऐसे महापुरुषों को जन्म दिया है, जिन्होंने इस देश की परम्पराओं और संस्कृति को अभिसिंचित ही नहीं किया है, बल्कि



उसके प्रचार–प्रसार के लिए भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी भारत को विश्व में कीर्तिमान दिलाने में अपना एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों एवं छुआछूत पर स्वामी श्रद्धानंद जी ने प्रहार करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज देश बदल रहा है। देश परिवर्तन की ओर जा रहा है। जिसकी कल्पना स्वामी दयानन्द सरस्वती, स्वामी विवेकानंद एवं अरविन्द घोष ने की थी, आज भारत उस ओर बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि उत्तराखण्ड योग भूमि है, एक शांति प्रिय प्रदेश है। किसी भी अशांति का वातावरण प्रदेश में न हो, इसका सबको ध्यान रखना होगा। जिन पवित्र कार्यों के लिए गुरुकुल जैसे संस्थानों की स्थापना हुई, जिसके लिए स्वामी श्रद्धानंद जी ने बलिदान दिया, उनके इस बलिदान को याद कर हमें उनके द्वारा दिखाये गये पथ पर आगे बढ़ना होगा।

इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सत्यपाल सिंह, विधायक स्वामी यतीश्वरानंद, आदेश चौहान, संजय गुप्ता, कुलपति गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय प्रो. रूप किशोर शास्त्री एवं स्वामी सम्पूर्णानंद आदि उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### तुलाज इंस्टीट्यूट में लेटेक्स और रिसर्च राइटिंग पर कार्यशाला आयोजित

देहरादून। तुलाज इंस्टीट्यूट में लेटेक्स एंड रिसर्च राइटिंग्स पर एक संकाय विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। सत्र का संचालन प्रोफेसर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, जी.बी. पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डॉ एके गौतम द्वारा किया गया। सत्र की शुरुआत शिक्षाविदों द्वारा गुणवत्ता और मूल शोध कार्य लिखने की आवश्यकता से संबंधित कुछ जानकारियों से हुई। डॉ गौतम ने गुणवत्ता शोध पत्र लिखते समय ध्यान में रखने के लिए बारीक बिंदुओं को चित्रित किया। बाद में उन्होंने लेटेक्स सॉफ्टवेयर के नवीनतम संस्करण पर संकाय सदस्यों को लाइव प्रदर्शन दिया और उनके साथ अन्य आमतौर पर उपलब्ध टाइपिंग सॉफ्टवेयर्स के तुलनात्मक लाभों पर चर्चा करी। कार्यशाला में 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्होंने सॉफ्टवेयर पर लाइव व्यावहारिक सत्र लिया और अपनी विभिन्न शंकाओं और समस्याओं को हल किया। कार्यशाला के अंत में, निदेशक तुलाज इंस्टिट्यूट डॉ निशांत सक्सेना ने प्रोफेसर गौतम को भेंट दे कर उनका शुक्रिया अदा किया।

### दाइवा ने अपनी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स रेंज का किया विस्तार

देहरादून। भारत में कम दामों पर आधुनिक तकनीक की पेशकश करने के लिए प्रतिबद्ध दाइवा ने अपनी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स रेंज का विस्तार किया है। कंपनी ने टफ ग्लास वाली सेमी ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीनों को लॉन्च किया है। ये बेहद टिकाऊ और दक्ष वॉशिंग मशीनें हैं, जिन्हें भारतीय स्थितियों और माहौल को ध्यान में रखकर बनाया गया है। दोनों वॉशिंग मशीन इंटेलिजेंट वॉश प्रोग्राम्स से युक्त हैं और कपड़ों की अच्छी तरह धुलाई में सक्षम है। यह वॉशिंग मशीन ''पेंटा रोटो रब पल्सेटर'' नामक फीचर से लैस है।

### भारतीय एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के रिन्यूअल प्रीमियम में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई

देहरादून, आजखबर। भारती एक्सा लाईफ इंश्योरेंस, भारत के अग्रणी बिजनेस समूहों में से एक, भारती इंटरप्राईजेस और दुनिया की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, एक्सा के बीच संयुक्त उपक्रम ने आज बताया कि कंपनी ने वित्तवर्ष 2019–20 की पहली छमाही में 541 करोड़ रु. का रिन्यूअल प्रीमियम दर्ज किया, जो पिछले वित्तवर्ष की इसी अवधि में 453 करोड़ रु. के मुकाबले 20 प्रतिशत ज्यादा है। कंपनी का नया बिजनेस प्रीमियम 415 करोड़ रु. 30 सितंबर, 2019 को समाप्त हुई छमाही में रहा, 2018–19 की इसी अवधि में 398 करोड़ रु. था। वर्तमान वित्तवर्ष के पहले छः महीनों में कुल प्रीमियम 12 प्रतिशत बढ़कर 956 करोड़ रु. हो गया, जो पिछले वित्तवर्ष की पहली छमाही में 851 करोड़ रु. था।

# मुख्यमंत्री ने सुभाष वर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में किया प्रतिभाग

**शुभारम्भ**

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को जिला पंचायत कार्यालय, हरिद्वार में जिला पंचायत अध्यक्ष, हरिद्वार सुभाष वर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी हरिद्वार दीपेन्द्र कुमार चौधरी ने सुभाष वर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक, विधायक श्री देशराज कर्णवाल, कुंवर प्रणव चौंपियन, प्रदीप बत्रा, सुबोध राकेश, प्रदेश प्रभारी श्याम जाजू, कार्यक्रम के उपाध्यक्ष नरेश बंसल, मुख्यमंत्री के तकनीकि सलाहकार डॉ. नरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।



## ओलंपस हाईस्कूल के छात्रों ने किया क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र का भ्रमण



विज्ञान केंद्र के भ्रमण के दौरान विद्यार्थी।

**संवाददाता** देहरादून। ओलंपस हाईस्कूल ने आज तीसरी से पांचवीं कक्षा के छात्रों के लिए क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र की शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया। 300 से अधिक छात्रों ने क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र का दौरा किया और केंद्र के बारे में जानकारी प्राप्त की। साइंस सेंटर की आकर्षक विशेषताओं में वैज्ञानिक लॉ पर आधारित ग्रेविटी चेयर शामिल रही। हिमालय गैलरी में हिमालय के भूविज्ञान, पर्यटन, संस्कृति और ज्ञान से संबंधित लगभग हर विषय को दर्शाया गया है। 3 डी साइंस शो छात्रों के लिए एक रोमांचक और अनूठा अनुभव था जहां उन्होंने 3 डी फिल्म के माध्यम से उच्च परिभाषा विज्ञान सीखा। छात्रों को एक अदभुत दृश्य दिखाने के लिए 3 डी फिल्म का प्रदर्शन किया गया।